XII. 2015

**SET-1**

**Series SSO/2**

कोड नं. **67/2/1**
**Code No.**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **28** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **23** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **28** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **23** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# लेखाशास्त्र

# ACCOUNTANCY

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 80*

**सामान्य निर्देश :**

*(i)* *यह प्रश्न-पत्र दो भागों में विभक्त है – क और ख ।*

*(ii)* *भाग क सभी के लिए **अनिवार्य** है ।*

*(iii)* *भाग ख के दो विकल्प हैं – वित्तीय विवरणों का विश्लेषण तथा अभिकलित्र लेखांकन ।*

*(iv)* *भाग ख से केवल एक ही विकल्प के प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।*

*(v)* *किसी प्रश्न के सभी खण्डों के उत्तर एक ही स्थान पर लिखे जाने चाहिए ।*

***General Instructions :***

*(i)* *This question paper contains two parts – A and B.*

*(ii)* *Part A is **compulsory** for all.*

*(iii)* *Part B has two options – Analysis of Financial Statements and Computerized Accounting.*

*(iv)* *Attempt only one option of Part B.*

*(v)* *All parts of a question should be attempted at one place.*

**भाग क**

**(साझेदारी फर्मों तथा कम्पनियों के लिए लेखांकन)**

**PART A**

**(Accounting for Partnership Firms and Companies)**

1. साझेदारी संलेख के अभाव में साझेदार के आहरण पर ब्याज लगाया जाता है : *1*

   (i) 6% वार्षिक दर से ।

   (ii) 9% वार्षिक दर से ।

   (iii) 12% वार्षिक दर से ।

   (iv) कोई ब्याज नहीं लगाया जाता ।

   In the absence of partnership agreement, interest on drawings of a partner is charged :

   (i) at 6% per annum.

   (ii) at 9% per annum.

   (iii) at 12% per annum.

   (iv) no interest is charged.

2. कमल तथा विमल एक फर्म में साझेदार थे तथा 3 : 2 के अनुपात में लाभ बाँटते थे । लाभ के $\frac{1}{5}$ भाग के लिए घोष को एक नया साझेदार बनाया गया । घोष के प्रवेश पर फर्म का स्थिति विवरण इसके लाभ-हानि खाते के जमा में ₹ 10,000 का शेष दर्शा रहा था, जिसकी खतौनी फर्म के लेखपाल ने कमल तथा विमल के नाम की तरफ कर दी । क्या फर्म के लेखपाल ने लाभ-हानि खाते के शेष का सही लेखांकन किया ? यदि 'हाँ' तो कारण दीजिए तथा यदि 'नहीं' तो सही लेखांकन दीजिए । *1*

Kamal and Vimal were partners in a firm sharing profits in the ratio of 3 : 2. Ghosh was admitted as a new partner for $\frac{1}{5}$th share in the profits. On Ghosh's admission the Balance Sheet of the firm showed a credit balance of ₹ 10,000 in its Profit and Loss Account which was debited by the accountant of the firm in the accounts of Kamal and Vimal. Did the accountant give correct treatment to the balance of Profit and Loss Account ? If 'yes' give the reason and if 'not' give the correct treatment.

3. अनुराग तथा भावना ने 1.4.2014 को एक साझेदारी फर्म बनाई । 1.1.2015 को लाभ के $\frac{3}{10}$ भाग के लिए उन्होंने मोनिका को एक नया साझेदार बनाया । मोनिका ने अपना भाग अनुराग तथा भावना से बराबर-बराबर लिया । अनुराग, भावना तथा मोनिका का नया लाभ अनुपात 4 : 3 : 3 था । साझेदारी बनाते समय अनुराग तथा भावना के लाभ अनुपात की गणना कीजिए । *1*

Anurag and Bhawana entered into partnership on 1.4.2014. On 1.1.2015 they admitted Monika as a new partner for $\frac{3}{10}$th share in the profits which she acquired equally from Anurag and Bhawana. The new profit sharing ratio of Anurag, Bhawana and Monika was 4 : 3 : 3. Calculate the profit sharing ratio of Anurag and Bhawana at the time of forming the partnership.

4. दीपक, फारूख तथा लिली एक फर्म में साझेदार थे तथा 3 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ बाँटते थे । 28.2.2015 को फारूख ने फर्म से अवकाश ग्रहण किया । फारूख के अवकाश ग्रहण करते समय कर्मचारी क्षतिपूर्ति संचय में ₹ 12,000 का शेष था जिसकी अब आवश्यकता नहीं थी । फारूख के अवकाश ग्रहण करने पर यह राशि : *1*

(क) सभी साझेदारों के पूँजी खातों के नाम में उनके लाभ अनुपात में लिखी जाएगी ।
(ख) सभी साझेदारों के पूँजी खातों के जमा में उनके लाभ अनुपात में लिखी जाएगी ।
(ग) दीपक तथा लिली के पूँजी खातों के जमा में उनके लाभ अनुपात में लिखी जाएगी ।
(घ) फारूख के पूँजी खाते के जमा में लिखी जाएगी ।

Deepak, Farukh and Lilly were partners in a firm sharing profits in the ratio of 3 : 2 : 1. On 28.2.2015 Farukh retired from the firm. On Farukh's retirement there was a balance of ₹ 12,000 in Workmen's Compensation Reserve which was no more required. On Farukh's retirement this amount will be :

(a) Debited to the Capital accounts of all the partners in their profit sharing ratio.

(b) Credited to the Capital accounts of all the partners in their profit sharing ratio.

(c) Credited to the Capital accounts of Deepak and Lilly in their profit sharing ratio.

(d) Credited to the Capital account of Farukh.

5. अंशों के हरण का अर्थ दीजिए । *1*

Give the meaning of forfeiture of shares.

6. 'समता लिमिटेड' ने ₹ 10 प्रत्येक के 6,750 समता अंशों के निर्गमन के लिए आवेदन आमन्त्रित किए । राशि निम्न प्रकार से देय थी :

आवेदन पर – ₹ 3 प्रति अंश

आबंटन पर – ₹ 5 प्रति अंश

प्रथम तथा अन्तिम याचना पर – ₹ 2 प्रति अंश

सभी अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हो गए । सुभाष ने 250 अंशों के लिए आवेदन किया था तथा उसने अपनी पूरी अंशराशि आवेदन के साथ दे दी । मोती ने 175 अंशों के लिए आवेदन किया तथा उसने आवेदन के साथ आबंटन राशि का भी भुगतान कर दिया । आवेदन के समय प्राप्त राशि थी : *1*

(क) ₹ 16,750

(ख) ₹ 16,000

(ग) ₹ 19,250

(घ) ₹ 22,875

'Samta Limited' invited applications for issuing 6,750 equity shares of ₹ 10 each. The amount was payable as follows :

On application – ₹ 3 per share

On allotment – ₹ 5 per share

On first and final call – ₹ 2 per share

The issue was fully subscribed. Subhash applied for 250 shares and paid his entire share money with application. Moti applied for 175 shares and paid allotment money also with application. The amount received with applications was :

(a) ₹ 16,750

(b) ₹ 16,000

(c) ₹ 19,250

(d) ₹ 22,875

7. 'अंशों के प्रति-क्रय' के अतिरिक्त ऐसे किन्हीं तीन उद्देश्यों का उल्लेख कीजिए जिनके लिए प्रतिभूति प्रीमियम का उपयोग किया जा सकता है । *3*

State any three purposes other than 'buy-back of shares' for which securities premium can be utilized.

8. 'क' तथा 'ख' एक फर्म के साझेदार हैं तथा 3 : 2 के अनुपात में लाभ बाँटते हैं । 31.3.2014 को उनका स्थिति विवरण निम्न प्रकार था :

| देयताएँ | राशि ₹ | सम्पत्तियाँ | राशि ₹ |
|---|---|---|---|
| पूँजी : क 60,000<br>ख 20,000 | 80,000 | विभिन्न परिसम्पत्तियाँ | 80,000 |
| | 80,000 | | 80,000 |

31.3.2014 को समाप्त हुए वर्ष का लाभ ₹ 80,000 था जिसे साझेदारों में पूँजी पर 12% प्रतिवर्ष ब्याज तथा 'क' को ₹ 1,000 प्रति मास वेतन लगाए बिना बाँट दिया गया । वर्ष भर में 'क' ने ₹ 10,000 तथा 'ख' ने ₹ 20,000 का आहरण किया ।

इस अशुद्धि को शुद्ध करने के लिए एक रोज़नामचा प्रविष्टि दीजिए । *3*

A and B are partners in a firm sharing profits in the ratio of 3 : 2. On 31.3.2014, the Balance Sheet of the firm was as follows :

| Liabilities | Amount ₹ | Assets | Amount ₹ |
|---|---|---|---|
| Capitals : A 60,000<br>B 20,000 | 80,000 | Sundry Assets | 80,000 |
| | 80,000 | | 80,000 |

The profit of ₹ 80,000 for the year ended 31.3.2014 was divided between the partners without allowing interest on capital @ 12% per annum and a salary to A at ₹ 1,000 per month. During the year A withdrew ₹ 10,000 and B ₹ 20,000.

Pass a single journal entry to rectify the error.

9. 'टेलिकॉम लिमिटेड' ₹ 8,00,00,000 की अधिकृत पूँजी, जो ₹ 10 प्रत्येक के 80,00,000 अंशों में विभक्त है, से पंजीकृत है । कम्पनी ने 1,00,000 अंशों को ₹ 2 प्रति अंश के प्रीमियम पर निर्गमित किया । राशि निम्न प्रकार से देय थी :

आवेदन पर – ₹ 3 प्रति अंश

आबंटन पर – ₹ 5 प्रति अंश (प्रीमियम सहित)

प्रथम तथा अन्तिम याचना पर – शेष

सभी याचनाएँ माँग ली गईं तथा प्राप्त हो गईं, केवल आशा को छोड़कर, जिसके पास 1,000 अंश थे, जिसने प्रथम तथा अन्तिम याचना का भुगतान नहीं किया ।

कम्पनी अधिनियम, 1956 की सूची VI भाग I के अनुसार अंश पूँजी को कम्पनी के स्थिति विवरण में प्रस्तुत कीजिए । *3*

'Telecom Limited' is registered with an authorized capital of ₹ 8,00,00,000 divided into 80,00,000 equity shares of ₹ 10 each. The company issued 1,00,000 shares at a premium of ₹ 2 per share. The amount was payable as follows :

On application – ₹ 3 per share

On allotment – ₹ 5 per share (including premium)

On first and final call – The balance

All calls were made and were duly received except the first and final call on 1,000 shares held by Asha.

Present the 'Share Capital' in the Balance Sheet of the company as per Schedule VI Part I of the Companies Act, 1956.

10. 'पानीपत ब्लैंकेट्स लिमिटेड' कम्बलों के उत्पादक तथा निर्यातक हैं । कम्पनी ने बाढ़ से क्षतिग्रस्त हुए कश्मीर के पाँच गाँवों में 1,000 कम्बल मुफ़्त बाँटने का निर्णय लिया । इसने इन गाँवों के 100 नौजवानों को पंजाब के लुधियाना में स्थापित की जाने वाली अपनी नई फैक्ट्री में नौकरी पर लगाने का भी निर्णय लिया । नई फैक्ट्री के लिए धन की आवश्यकता की पूर्ति हेतु कम्पनी ने ₹ 10 प्रत्येक के 1,00,000 समता अंशों तथा ₹ 100 प्रत्येक के 2,000, 9% ऋणपत्रों को मशीनरी के विक्रेताओं को निर्गमित किया । मशीनरी का क्रय ₹ 12,00,000 में किया गया था ।

कम्पनी की पुस्तकों में उपर्युक्त लेनदेनों के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए तथा ऐसे किसी एक मूल्य की पहचान कीजिए जिसे कम्पनी समाज को संप्रेषित करना चाहती है । *3*

'Panipat Blankets Limited' are the manufacturers and exporters of blankets. The company decided to distribute 1,000 blankets free of cost to five villages of Kashmir which had been damaged by the floods. It also decided to employ 100 young persons from these villages in their newly established factory at Ludhiana in Punjab. To meet the requirements of funds for its new factory, the company issued 1,00,000 equity shares of ₹ 10 each and 2,000, 9% debentures of ₹ 100 each to the vendors of machinery purchased for ₹ 12,00,000.

Pass necessary journal entries for the above transactions in the books of the company. Also identify any one value which the company wants to communicate to the society.

**11.** जोशी, पाण्डे तथा अग्रवाल एक फर्म में साझेदार थे तथा 2 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ बाँटते थे । 31.3.2014 को उनका स्थिति विवरण निम्न प्रकार था :

3

| देयताएँ | | राशि ₹ | सम्पत्तियाँ | राशि ₹ |
|---|---|---|---|---|
| लेनदार | | 51,000 | रोकड़ | 24,000 |
| देय बिल | | 36,000 | देनदार | 39,000 |
| अग्रवाल का ऋण | | 84,000 | प्राप्य बिल | 27,000 |
| पूँजी : | | | फर्नीचर | 81,000 |
| जोशी | 2,10,000 | | मशीनरी | 3,75,000 |
| पाण्डे | 2,04,000 | 4,14,000 | अग्रवाल की पूँजी | 39,000 |
| | | 5,85,000 | | 5,85,000 |

31.12.2014 को अग्रवाल का देहान्त हो गया । साझेदारी संलेख में मृतक साझेदार के निष्पादकों को निम्न देय है :

(क) ख्याति में उसका भाग, जिसकी गणना पिछले चार वर्षों के औसत लाभ के तीन गुणा पर की जाएगी । पिछले चार वर्षों के लाभ क्रमशः ₹ 2,70,000; ₹ 3,00,000; ₹ 5,40,000 तथा ₹ 8,10,000 थे ।

(ख) उसकी मृत्यु की तिथि तक फर्म के लाभ में उसका भाग, जिसकी गणना पिछले चार वर्षों के औसत लाभ के अनुसार की जाएगी ।

(ग) पूँजी खाते के जमा शेष पर, यदि कोई है, 12% वार्षिक ब्याज ।

(घ) उसके ऋण पर 12% वार्षिक ब्याज ।

अग्रवाल के निष्पादकों को प्रस्तुत करने हेतु उसका पूँजी खाता तैयार कीजिए । 4

Joshi, Pandey and Agarwal were partners in a firm sharing profits in the ratio of 2 : 2 : 1. On 31.3.2014, their Balance Sheet was as follows :

| Liabilities | | Amount ₹ | Assets | Amount ₹ |
|---|---|---|---|---|
| Creditors | | 51,000 | Cash | 24,000 |
| Bills Payable | | 36,000 | Debtors | 39,000 |
| Agarwal's Loan | | 84,000 | Bills Receivables | 27,000 |
| Capitals : | | | Furniture | 81,000 |
| Joshi | 2,10,000 | | Machinery | 3,75,000 |
| Pandey | 2,04,000 | 4,14,000 | Agarwal's Capital | 39,000 |
| | | 5,85,000 | | 5,85,000 |

On 31.12.2014, Agarwal died. The partnership deed provided for the following to the executors of the deceased partner :

(a) His share in the goodwill of the firm, calculated on the basis of three years' purchase of the average profits of the last four years. The profits of the last four years were ₹ 2,70,000; ₹ 3,00,000; ₹ 5,40,000 and ₹ 8,10,000 respectively.

(b) His share in the profits of the firm till the date of his death, calculated on the basis of the average profits of the last four years.

(c) Interest @ 12% per annum on the credit balance, if any, in his Capital account.

(d) Interest on his loan @ 12% per annum.

Prepare Agarwal's Capital Account to be presented to his executors.

**12.** जैन, गुप्ता तथा सिंह एक फर्म में साझेदार थे । उनकी स्थायी पूँजी थी : जैन ₹ 4,00,000; गुप्ता ₹ 6,00,000 तथा सिंह ₹ 10,00,000 । वे पूँजी के अनुपात में लाभ बाँटते थे । फर्म सुगन्धित दूध के उत्पादन तथा वितरण का व्यवसाय करती थी । साझेदारी संलेख में पूँजी पर 10% प्रतिवर्ष ब्याज का प्रावधान था । 31 मार्च 2014 को समाप्त हुए वर्ष में फर्म का लाभ ₹ 1,47,000 था ।

अपनी कार्य टिप्पणी को स्पष्ट रूप से दर्शाते हुए फर्म का लाभ-हानि विनियोजन खाता तैयार कीजिए । *4*

Jain, Gupta and Singh were partners in a firm. Their fixed capitals were : Jain ₹ 4,00,000 ; Gupta ₹ 6,00,000 and Singh ₹ 10,00,000. They were sharing profits in the ratio of their capitals. The firm was engaged in the processing and distribution of flavoured milk. The partnership deed provided for interest on capital at 10% per annum. During the year ended 31st March 2014 the firm earned a profit of ₹ 1,47,000.

Showing your working notes clearly, prepare Profit and Loss Appropriation Account of the firm.

13. 1.4.2013 को मोहन तथा सोहन ने सूखे मेवे का व्यवसाय करने के लिए एक साझेदारी फर्म बनाई । मोहन ने ₹ 1,00,000 तथा सोहन ने ₹ 50,000 की पूँजी लगाई । क्योंकि सोहन ने केवल ₹ 50,000 की पूँजी लगाई, यह समझौता हुआ कि जब भी पूँजी की आवश्यकता होगी वह अतिरिक्त पूँजी लगाएगा । जब पूँजी की कम आवश्यकता होगी तब सोहन को पूँजी का आहरण करने की अनुमति भी दी गई । 31.3.2014 को समाप्त हुए वर्ष में सोहन ने पूँजी के रूप में निम्नलिखित राशि लगाई एवं इसका आहरण किया :

| तिथि | पूँजी लगाई | पूँजी का आहरण |
|---|---|---|
| 01.5.2013 | 10,000 | — |
| 30.6.2013 | — | 5,000 |
| 30.9.2013 | 97,000 | — |
| 01.2.2014 | — | 87,000 |

साझेदारी संलेख के अनुसार पूँजी पर 6% प्रतिवर्ष की दर से ब्याज देय है ।
साझेदारों की पूँजी पर ब्याज की गणना कीजिए । *6*

On 1.4.2013 Mohan and Sohan entered into partnership for doing business of dry fruits. Mohan introduced ₹ 1,00,000 as capital and Sohan introduced ₹ 50,000. Since Sohan could introduce only ₹ 50,000 it was further agreed that as and when there will be a need Sohan will introduce further capital. Sohan was also allowed to withdraw from his capital when the need for the capital was less. During the year ended 31.3.2014, Sohan introduced and withdrew the following amounts of capital :

| Date | Capital Introduced | Capital Withdrawn |
|---|---|---|
| 01.5.2013 | 10,000 | — |
| 30.6.2013 | — | 5,000 |
| 30.9.2013 | 97,000 | — |
| 01.2.2014 | — | 87,000 |

The partnership deed provided for interest on capital @ 6% per annum.
Calculate interest on capitals of the partners.

14. 'चैन्नई फाइबर्स लिमिटेड' का पंजीकरण ₹ 40,00,000 की पंजीकृत पूँजी, जो ₹ 10 प्रत्येक के 4,00,000 समता अंशों में विभक्त थी, से हुआ था । कम्पनी ने 1,00,000 अंशों का निर्गमन किया हुआ था तथा वर्ष 2007 – 08 के लिए इसने ₹ 3 प्रति अंश के लाभांश का भुगतान किया । कम्पनी के प्रबंधन ने अपने बने-बनाए वस्त्रों का यूरोप के देशों को निर्यात करने का निर्णय लिया । अतिरिक्त वित्त की आवश्यकता को पूरा करने के लिए कम्पनी के वित्तीय प्रबंधक ने निदेशक मण्डल के समक्ष निम्नलिखित तीन विकल्प रखे :

(i) 1,54,000 अंशों का सम-मूल्य पर निर्गमन ।

(ii) वित्तीय संस्थान से 5 वर्षों के लिए ₹ 15,40,000 का ऋण लिया जाए । ऋण 12% प्रतिवर्ष की दर पर उपलब्ध था ।

(iii) ₹ 100 प्रत्येक के 16,000, 9% ऋणपत्रों का निर्गमन 10% के बट्टे पर किया जाए जिनका शोधन तीन, चार, पाँच तथा छ: वर्षों के अन्त में निम्नलिखित विवरण अनुसार किश्तों में किया जाएगा :

| वर्ष | राशि ₹ |
|---|---|
| III | 2,00,000 |
| IV | 3,00,000 |
| V | 4,00,000 |
| VI | 7,00,000 |

विकल्पों की तुलना-करने के पश्चात् कम्पनी ने तीसरे विकल्प के पक्ष में निर्णय लिया तथा 1.4.2008 को ऋणपत्रों का निर्गमन कर दिया ।

2008 – 09 से 2013 – 14 वर्षों के लिए 9% ऋणपत्र खाता तैयार कीजिए । 6

'Chennai Fibers Limited' was registered with an authorized capital of ₹ 40,00,000 divided into 4,00,000 equity shares of ₹ 10 each. The company had issued 1,00,000 shares and the dividend paid per share was ₹ 3 for the year 2007 – 08. The management of the company decided to export its readymade apparels to European countries. To meet the requirement of additional funds, the finance manager put up before the Board of Directors the following three alternative proposals :

(i) Issue of 1,54,000 equity shares at par.

(ii) Obtain a loan of ₹ 15,40,000 from a financial institution for a period of 5 years. The loan was available @ 12% per annum.

(iii) Issue 16,000, 9% debentures of ₹ 100 each at a discount of 10% redeemable in instalments at the end of third, fourth, fifth and sixth year as per details given below :

| Year | Amount ₹ |
|---|---|
| III | 2,00,000 |
| IV | 3,00,000 |
| V | 4,00,000 |
| VI | 7,00,000 |

After comparing the alternatives, the company decided in favour of the third alternative and issued debentures on 1.4.2008.

Prepare 9% debentures account for the years 2008 – 09 to 2013 – 14.

**15.** चोपड़ा, शाह तथा पटेल साझेदार थे तथा 3 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ बाँटते थे । 31.3.2014 को उनकी फर्म का विघटन हो गया । सम्पत्तियों को बेच दिया गया तथा देयताओं का भुगतान कर दिया गया । लेखपाल ने वसूली खाता, साझेदारों के पूँजी खाते तथा रोकड़ खाता तैयार किए परन्तु इन खातों में कुछ राशियों की खतौनी करना भूल गया । आप नीचे दिए गए खातों में सही राशियों की खतौनी करके इन्हें पूरा कीजिए । 6

**वसूली खाता**

**नाम** **जमा**

| विवरण | राशि ₹ | विवरण | राशि ₹ |
|---|---|---|---|
| संयंत्र तथा मशीनरी | 1,60,000 | विभिन्न लेनदार | 1,50,000 |
| स्टॉक | 1,50,000 | श्रीमती चोपड़ा का ऋण | 1,30,000 |
| विभिन्न देनदार | 2,00,000 | मरम्मत तथा नवीनीकरण संचय | 12,000 |
| पूर्वदत्त बीमा | 4,000 | डूबत ऋणों के लिए प्रावधान | 10,000 |
| निवेश | 30,000 | रोकड़ खाता (परिसम्पत्तियों का विक्रय) | |
| चोपड़ा का पूँजी खाता | | संयंत्र 1,00,000 | |
| (श्रीमती चोपड़ा का ऋण) | 1,30,000 | स्टॉक 1,20,000 | |
| रोकड़ खाता (अनादरित बिल) | 50,000 | देनदार 1,60,000 | 3,80,000 |
| रोकड़ खाता (लेनदार) | 1,50,000 | चोपड़ा का पूँजी खाता (निवेश) | 20,000 |
| रोकड़ खाता (व्यय) | 8,000 | .......... | .......... |
| | 8,82,000 | | 8,82,000 |

**साझेदारों के पूँजी खाते**

नाम | जमा

| विवरण | चोपड़ा ₹ | शाह ₹ | पटेल ₹ | विवरण | चोपड़ा ₹ | शाह ₹ | पटेल ₹ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वसूली खाता (निवेश) | 20,000 | | | शेष नीचे लाए | | | |
| .......... | .......... | .......... | .......... | वसूली खाता (ऋण) | 1,30,000 | | |
| .......... | .......... | .......... | .......... | .......... | .......... | .......... | .......... |
| | 2,30,000 | 1,50,000 | 30,000 | | 2,30,000 | 1,50,000 | 30,000 |

**रोकड़ खाता**

नाम | जमा

| विवरण | राशि ₹ | विवरण | राशि ₹ |
|---|---|---|---|
| .......... | .......... | वसूली खाता (अनादरित बिल) | 50,000 |
| .......... | .......... | वसूली खाता (विभिन्न लेनदार) | 1,50,000 |
| पटेल का पूँजी खाता | 10,000 | .......... | .......... |
| | | चोपड़ा का पूँजी खाता | 1,20,000 |
| | | शाह का पूँजी खाता | 90,000 |
| | 4,18,000 | | 4,18,000 |

Chopra, Shah and Patel were partners sharing profits in the ratio of 3 : 2 : 1. On 31.3.2014 their firm was dissolved. The assets were realized and liabilities were paid off. The accountant prepared Realisation Account, Partners' Capital Accounts and Cash Account but forgot to post few amounts in these accounts.

You are required to complete the below given accounts by posting correct amounts.

**Realisation Account**

**Dr.** **Cr.**

| Particulars | Amount ₹ | Particulars | Amount ₹ |
|---|---|---|---|
| To Plant and Machinery | 1,60,000 | By Sundry Creditors | 1,50,000 |
| To Stock | 1,50,000 | By Mrs. Chopra's Loan | 1,30,000 |
| To Sundry Debtors | 2,00,000 | By Repairs and Renewals Reserve | 12,000 |
| To Prepaid Insurance | 4,000 | By Provision for Bad Debts | 10,000 |
| To Investments | 30,000 | By Cash A/c – (Assets sold) : | |
| To Chopra's Capital A/c (Mrs. Chopra's Loan) | 1,30,000 | Plant 1,00,000<br>Stock 1,20,000<br>Debtors 1,60,000 | 3,80,000 |
| To Cash A/c (Dishonoured Bill) | 50,000 | | |
| To Cash (Creditors) | 1,50,000 | By Chopra's Capital A/c (Investments) | 20,000 |
| To Cash (Expenses) | 8,000 | .......... | .......... |
| | 8,82,000 | | 8,82,000 |

**Partner's Capital Accounts**

**Dr.** **Cr.**

| Particulars | Chopra ₹ | Shah ₹ | Patel ₹ | Particulars | Chopra ₹ | Shah ₹ | Patel ₹ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| To Realisation (Investments) | 20,000 | | | By bal. b/d | | | |
| .......... | .......... | .......... | .......... | By Realisation (Loan) | 1,30,000 | | |
| .......... | .......... | .......... | .......... | .......... | .......... | .......... | .......... |
| | 2,30,000 | 1,50,000 | 30,000 | | 2,30,000 | 1,50,000 | 30,000 |

**Cash Account**

**Dr.** **Cr.**

| Particulars | Amount ₹ | Particulars | Amount ₹ |
|---|---|---|---|
| .......... | .......... | By Realisation A/c (Dishonoured Bill) | 50,000 |
| .......... | .......... | By Realisation (Sunday Creditors) | 1,50,000 |
| To Patel's Capital A/c | 10,000 | .......... | .......... |
| | | By Chopra's Capital A/c | 1,20,000 |
| | | By Shah's Capital A/c | 90,000 |
| | 4,18,000 | | 4,18,000 |

16. 'निगम लिमिटेड' ने ₹ 10 प्रत्येक के 15,000 समता अंशों को ₹ 1 प्रति अंश के बट्टे पर निर्गमित करने के लिए आवेदन आमन्त्रित किए । राशि निम्न प्रकार से देय थी :

आवेदन पर – ₹ 2 प्रति अंश

आबंटन पर – ₹ 3 प्रति अंश

प्रथम तथा अन्तिम याचना पर – ₹ 4 प्रति अंश

18,000 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए । सभी आवेदकों को अनुपातिक आधार पर अंशों का आबंटन कर दिया गया । आवेदनों के साथ प्राप्त अतिरिक्त राशि का समायोजन आबंटन पर देय राशि में कर लिया गया । रमेश, जिसने 360 अंशों के लिए आवेदन किया था, ने आबंटन राशि तथा प्रथम तथा अन्तिम याचना का भुगतान नहीं किया । नरेश, जिसे 150 अंशों का आबंटन किया गया था, ने प्रथम तथा अन्तिम याचना का भुगतान नहीं किया । रमेश तथा नरेश दोनों के अंशों का हरण कर लिया गया । हरण किए गए अंशों में से 200 अंशों को ₹ 9 प्रति अंश पूर्ण प्रदत्त पुन: निर्गमित कर दिया गया । पुन: निर्गमित किए गए अंशों में नरेश के सभी अंश सम्मिलित थे ।

'निगम लिमिटेड' की पुस्तकों में उपर्युक्त लेनदेनों के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । *8*

**अथवा**

'गुरू लिमिटेड' ने ₹ 10 प्रत्येक के 80,000 अंशों को ₹ 10 प्रति अंश के प्रीमियम पर निर्गमित करने के लिए आवेदन आमन्त्रित किए । राशि का भुगतान निम्न प्रकार से करना था :

आवेदन तथा आबंटन पर – ₹ 10 प्रति अंश (₹ 5 प्रीमियम सहित)

प्रथम तथा अन्तिम याचना पर – ₹ 10 प्रति अंश (₹ 5 प्रीमियम सहित)

1,00,000 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए । 10,000 अंशों के लिए आवेदनों को रद्द कर दिया गया तथा आवेदन राशि वापिस कर दी गई । शेष आवेदकों को अनुपातिक अधार पर अंशों का आबंटन कर दिया गया । जिन आवेदकों को अनुपातिक आधार पर अंशों का आबंटन किया गया था उनके द्वारा आवेदन पर भुगतान की गई अतिरिक्त राशि का समावेश प्रथम तथा अन्तिम याचना पर देय राशि में कर लिया गया । सभी याचनाएँ माँग ली गईं तथा प्राप्त हो गईं, केवल कुमार को छोड़कर जिसने 1,800 अंशों के लिए आवेदन किया था, प्रथम तथा अन्तिम याचना का भुगतान नहीं किया । उसके अंशों का हरण कर लिया गया । हरण किए गए अंशों को ₹ 9 प्रति अंश पूर्ण प्रदत्त पुन: निर्गमित कर दिया गया ।

उपर्युक्त लेनदेनों के लिए 'गुरू लिमिटेड' की पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । *8*

'Nigam Limited' invited applications for issuing 15,000 equity shares of ₹ 10 each at a discount of ₹ 1 per share. The amount was payable as follows :

On application – ₹ 2 per share

On allotment – ₹ 3 per share

On first and final call – ₹ 4 per share

Applications for 18,000 shares were received. Shares were issued proportionately to all applicants. Excess money recieved with applications was adjusted towards sums due on allotment. Ramesh who had applied for 360 share failed to pay allotment, and first and final call money. Naresh to whom 150 shares were allotted failed to pay the first and final call money. Shares of both Ramesh and Naresh were forfeited. Out of the forfeited shares, 200 shares were re-issued at ₹ 9 per share as fully paid up. The re-issued shares included all the shares of Naresh.

Pass necessary journal entries for the above transactions in the books of 'Nigam Limited'.

**OR**

'Guru Limited' invited applications for issuing 80,000 equity shares of ₹ 10 each at a premium of ₹ 10 per share. The amount was payable as follows :

On application and allotment – ₹ 10 (including ₹ 5 premium)

On first and final call – ₹ 10 (including ₹ 5 premium)

Applications for 1,00,000 share were received. Applications for 10,000 shares were rejected and application money was refunded. Shares were allotted on pro-rata basis to the remaining applicants. Excess application money received from applicants to whom shares were allotted on pro-rata basis was adjusted towards sums due on first and final call. All calls were made and were duly received except the first and final call money from Kumar who had applied for 1,800 shares. His shares were forfeited. The forfeited shares were re-issued at ₹ 9 per share as fully paid up.

Pass necessary journal entries for the above transactions in the books of 'Guru Limited'.

**17.** क, ख तथा ग एक फर्म में साझेदार थे तथा 3 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ बाँटते थे । 1.4.2014 को उनका स्थिति विवरण निम्न प्रकार था :

| देयताएँ | | राशि ₹ | सम्पत्तियाँ | | राशि ₹ |
|---|---|---|---|---|---|
| लेनदार | | 25,200 | बैंक | | 8,200 |
| भविष्य निधि | | 3,000 | देनदार | 60,000 | |
| सामान्य संचय | | 21,000 | घटा : प्रावधान | 2,000 | 58,000 |
| पूँजी खाते : | | | स्टॉक | | 50,000 |
| क | 80,000 | | निवेश | | 20,000 |
| ख | 73,000 | | एकस्व | | 10,000 |
| ग | 40,000 | 1,93,000 | मशीनरी | | 96,000 |
| | | 2,42,200 | | | 2,42,200 |

उपर्युक्त तिथि को 'ग' ने अवकाश ग्रहण किया ।
यह निर्णय लिया गया कि :

(i) फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹ 5,400 किया जाएगा ।

(ii) मशीनरी पर 10% का मूल्यह्रास लगाया जाएगा ।

(iii) एकस्व को 20% से कम किया जाएगा ।

(iv) भविष्य निधि की देयता ₹ 2,500 आँकी गई ।

(v) 'ग' ने ₹ 31,700 में निवेशों को ले लिया ।

(vi) 'क' तथा 'ख' ने अपनी पूँजियों को लाभ अनुपात में समावेश करने का निर्णय लिया । इसके लिए चालू खाते खोले गए ।

'ग' के अवकाश ग्रहण करने पर पूनर्मूल्यांकन खाता तथा साझेदारों के पूँजी खाते तैयार कीजिए । *8*

**अथवा**

ओ, आर तथा एस एक फर्म में साझेदार थे तथा 3 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ बाँटते थे । 1.4.2014 को उनका स्थिति विवरण निम्न प्रकार था :

| देयताएँ | | राशि ₹ | सम्पत्तियाँ | राशि ₹ |
|---|---|---|---|---|
| पूँजी खाते : | | | आर का चालू खाता | 7,000 |
| ओ | 1,75,000 | | भूमि तथा भवन | 1,75,000 |
| आर | 1,50,000 | | संयंत्र तथा मशीनरी | 67,500 |
| एस | 1,25,000 | 4,50,000 | फर्नीचर | 80,000 |
| चालू खाते : | | | निवेश | 36,500 |
| ओ | 4,000 | | प्राप्य बिल | 17,000 |
| एस | 6,000 | 10,000 | विविध देनदार | 43,500 |
| सामान्य संचय | | 15,000 | स्टॉक | 1,37,000 |
| लाभ-हानि खाता | | 7,000 | बैंक | 43,500 |
| लेनदार | | 80,000 | | |
| देय बिल | | 45,000 | | |
| | | 6,07,000 | | 6,07,000 |

उपर्युक्त तिथि को निम्न शर्तों पर 'एच' को एक नया साझेदार बनाया गया:

(i) 'एच' अपनी पूँजी के लिए ₹ 50,000 लाएगा तथा उसे लाभों में 1/6 भाग मिलेगा ।

(ii) वह ख्याति प्रीमियम के अपने भाग के लिए आवश्यक रोकड़ लाएगा । फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹ 90,000 किया गया ।

(iii) नया लाभ अनुपात 2 : 2 : 1 : 1 होगा ।

(iv) बट्टे पर भुनाए गए एक प्राप्य बिल के लिए ₹ 7,004 की एक देयता का प्रावधान किया जाएगा ।

(v) स्टॉक, फर्नीचर तथा निवेश की लागत को 20% से कम किया जाएगा एवं भूमि तथा भवन, संयंत्र तथा मशीनरी की लागत, क्रमशः 20% तथा 10% से बढ़ाई जाएगी ।

(vi) साझेदारों के पूँजी खातों का समायोजन 'एच' की पूँजी के आधार पर उनके चालू खातों के माध्यम से किया जाएगा ।

पुनर्मूल्यांकन खाता, साझेदारों के चालू खाते तथा साझेदारों के पूँजी खाते तैयार कीजिए । 8

A, B and C were partners in a firm sharing profits in the ratio of 3 : 2 : 1. On 1.4.2014 their Balance Sheet was as follows :

| Liabilities | Amount ₹ | Assets | Amount ₹ |
|---|---|---|---|
| Creditors | 25,200 | Bank | 8,200 |
| Provident Fund | 3,000 | Debtors 60,000 | |
| General Reserve | 21,000 | Less : Provision 2,000 | 58,000 |
| Capital Accounts : | | Stock | 50,000 |
| A 80,000 | | Investments | 20,000 |
| B 73,000 | | Patents | 10,000 |
| C 40,000 | 1,93,000 | Machinery | 96,000 |
| | 2,42,200 | | 2,42,200 |

On the above date C retired. It was agreed that :

(i) Goodwill of the firm be valued at ₹ 5,400.

(ii) Depreciation of 10% was to be provided on machinery.

(iii) Patents were to be reduced by 20%.

(iv) Liability on account of Provident Fund was estimated at ₹ 2,500.

(v) C took over investments for ₹ 31,700.

(vi) A and B decided to adjust their capitals in proportion to their profit sharing ratio. For this purpose current accounts were opened.

8 Prepare Revaluation Account and Partners' Capital Accounts on C's retirement.

**OR**

O, R and S were partners in a firm sharing profits in the ratio of 3 : 2 : 1. On 1.4.2014 their Balance Sheet was as follows :

| Liabilities | | Amount ₹ | Assets | Amount ₹ |
|---|---|---|---|---|
| Capital Accounts : | | | R's Current Account | 7,000 |
| O | 1,75,000 | | Land and Building | 1,75,000 |
| R | 1,50,000 | | Plant and Machinery | 67,500 |
| S | 1,25,000 | 4,50,000 | Furniture | 80,000 |
| Current Accounts : | | | Investments | 36,500 |
| O | 4,000 | | Bills Receivable | 17,000 |
| S | 6,000 | 10,000 | Sundry Debtors | 43,500 |
| General Reserve | | 15,000 | Stock | 1,37,000 |
| Profit and Loss Account | | 7,000 | Bank | 43,500 |
| Creditors | | 80,000 | | |
| Bills Payable | | 45,000 | | |
| | | 6,07,000 | | 6,07,000 |

On the above date, H was admitted on the following terms :

(i) H will bring ₹ 50,000 as his capital and will get 1/6th share in the profits.

(ii) He will bring necessary cash for his share of goodwill premium. The goodwill of the firm was valued at ₹ 90,000.

(iii) The new profit sharing ratio will be 2 : 2 : 1 : 1.

(iv) A liability of ₹ 7,004 will be created against bills receivables discounted.

(v) The value of stock, furniture and investments is reduced by 20%, whereas the value of land and building and plant and machinery will be appreciated by 20% and 10% respectively.

(vi) The Capital accounts of the partners will be adjusted on the basis of H's Capital through their current accounts.

Prepare Revaluation Account and Partners' Current Accounts and Capital Accounts.

## खण्ड ख
## (वित्तीय विवरणों का विश्लेषण)

## PART B
## (Analysis of Financial Statements)

**18.** निम्नलिखित में से कौन-से लेनदेन से रोकड़ प्रवाह होगा ? *1*

(i) बैंक से ₹ 71,000 का नगद आहरण ।

(ii) मशीनरी के विक्रेताओं को ₹ 1,00,000 के 9% ऋणपत्रों का निर्गमन ।

(iii) लेनदारों से ₹ 74,000 की प्राप्ति ।

(iv) 10% ऋणपत्रों का शोधन इन्हें समता अंशों में परिवर्तित करके किया गया ।

Which of the following transactions will result into flow of cash ?

(i) Cash withdrawn from bank ₹ 71,000.

(ii) Issue of 9% debentures of ₹ 1,00,000 to the vendors of machinery.

(iii) Received from debtors ₹ 74,000.

(iv) Redeemed 10% debentures by converting the same into equity shares.

**19.** रोकड़ प्रवाह विवरण तैयार करते समय प्रचालन से रोकड़ प्रवाह की गणना करने के लिए 'नव जीवन लिमिटेड' के लेखपाल ने चालू वर्ष के प्रस्तावित लाभांश को शुद्ध लाभ में जोड़ दिया । क्या उसने यह सही किया ? कारण दीजिए । *1*

The accountant of 'Nav Jeevan Limited' while preparing Cash Flow Statement added the proposed dividend of the current year to net profit while calculating cash flow from operating activities. Was he correct in doing so ? Give reason.

**20.** कम्पनी अधिनियम, 1956 की सूची VI भाग I के अनुसार कम्पनी के स्थिति विवरण में निम्न मदों को किन-किन मुख्य शीर्षकों तथा उप-शीर्षकों के अन्तर्गत दर्शाया जाएगा : *4*

(i) बैंक अधिविकर्ष ।

(ii) रोकड़ तथा रोकड़ तुल्य ।

(iii) प्रतिभूति प्रीमियम ।

(iv) लाभ-हानि विवरण का नकारात्मक शेष ।

(v) ख्याति ।

(vi) व्यापारिक चिह्न (ट्रेडमार्क) ।

(vii) एस.बी.आई. से प्राप्त 5 वर्षीय ऋण ।

(viii) निवेश ।

Under which major heads and subheads will the following items be placed in the Balance Sheet of a company as per Schedule VI Part I of the Companies Act, 1956 :

(i) Bank overdraft.

(ii) Cash and Cash equivalents.

(iii) Securities premium.

(iv) Negative balance of the Statement of Profit and Loss.

(v) Goodwill.

(vi) Trademark.

(vii) 5 years loan obtained from SBI.

(viii) Investments.

**21.** एक कम्पनी का चालू अनुपात 2·5 : 1·5 है । कारण देते हुए बताइए कि निम्नलिखित लेनदेनों में से किससे यह अनुपात बढ़ेगा, घटेगा अथवा इसमें कोई परिवर्तन नहीं होगा : *4*

(i) बैंक से ₹ 10,000 का एक प्राप्य बिल भुनाया गया । बैंक ने ₹ 200 बट्टा लगाया ।

(ii) बैंक से ₹ 8,000 के बट्टे पर भुनाए गए एक प्राप्य बिल का अनादर हो गया ।

(iii) बैंक में ₹ 7,000 जमा किए ।

(iv) लेनदारों को ₹ 5,000 का भुगतान किया ।

The Current Ratio of a company is 2·5 : 1·5. State with reasons which of the following transactions will increase, decrease or not change the ratio :

(i) Discounted a bills receivable of ₹ 10,000 from bank. Bank charged discount of ₹ 200.

(ii) A bill receivable ₹ 8,000 discounted with bank was dishonoured.

(iii) Cash deposited into bank ₹ 7,000.

(iv) Paid cash ₹ 5,000 to the creditors.

**22.** आयुर्वेदिक दवाओं का उत्पादन तथा वितरण करने वाली एक कम्पनी 'नव हिन्द फार्मा लिमिटेड' का आदर्श-वाक्य 'स्वस्थ भारत' है । इसके प्रबंधक तथा कर्मचारी मेहनती, ईमानदार तथा अभिप्रेरित हैं । 31.3.2014 को समाप्त हुए वर्ष में कम्पनी का शुद्ध लाभ दुगुना हो गया । अपने निष्पादन से उत्साहित कम्पनी ने अपने सभी कर्मचारियों को एक माह का अतिरिक्त वेतन देने का निर्णय लिया ।

31.3.2013 तथा 31.3.2014 को समाप्त हुए वर्षों के लिए कम्पनी का तुलनात्मक लाभ-हानि विवरण निम्न प्रकार से है :

**नव हिन्द फार्मा लिमिटेड**
**तुलनात्मक लाभ-हानि विवरण**

| विवरण | नोट संख्या | 2012 – 13 ₹ | 2013 – 14 ₹ | निरपेक्ष परिवर्तन ₹ | % परिवर्तन |
|---|---|---|---|---|---|
| कार्यकलापों से आय | | 40,00,000 | 60,00,000 | 20,00,000 | 5·0 |
| घटा : कर्मचारी हित व्यय | | 24,00,000 | 28,00,000 | 4,00,000 | 16·67 |
| कर पूर्व लाभ | | 16,00,000 | 32,00,000 | 16,00,000 | 100 |
| कर 50% की दर से | | 8,00,000 | 16,00,000 | 8,00,000 | 100 |
| कर पश्चात् लाभ | | 8,00,000 | 16,00,000 | 8,00,000 | 100 |

(i) 31.3.2013 तथा 31.3.2014 को समाप्त हुए वर्षों के लिए शुद्ध लाभ अनुपात की गणना कीजिए ।

(ii) ऐसे किन्हीं दो मूल्यों की पहचान कीजिए, जिन्हें 'नव हिन्द फार्मा लिमिटेड' सम्प्रेषित करना चाहती है । 4

4 The motto of 'Nav Hind Pharma Limited', a company engaged in the manufacturing and distribution of Aurvedic medicines, is 'Healthy India'. Its management and employees are hardworking, honest and motivated. The net profit of the company doubled during the year ended 31.3.2014. Encouraged by its performance, the company decided to pay one month's extra salary to all its employees.

Following is the Comparative Statement of Profit and Loss of the company for the years ended 31.3.2013 and 31.3.2014 :

**Nav Hind Pharma Limited**
**Comparative Statement of Profit and Loss**

| Particulars | Note No. | 2012 – 13 ₹ | 2013 – 14 ₹ | Absolute Change ₹ | % Change |
|---|---|---|---|---|---|
| Revenue from operations | | 40,00,000 | 60,00,000 | 20,00,000 | 5·0 |
| Less : Employees benefit expenses | | 24,00,000 | 28,00,000 | 4,00,000 | 16·67 |
| Profit before tax | | 16,00,000 | 32,00,000 | 16,00,000 | 100 |
| Tax @ 50% | | 8,00,000 | 16,00,000 | 8,00,000 | 100 |
| Profit after tax | | 8,00,000 | 16,00,000 | 8,00,000 | 100 |

(i) Calculate Net Profit Ratio for the years ending 31.3.2013 and 31.3.2014.

(ii) Identify any two values which 'Nav Hind Pharma Limited' is trying to communicate.

**23.** 31.3.2014 को विन्ड पॉवर लिमिटेड का स्थिति विवरण निम्न प्रकार से था :

**विन्ड पॉवर लिमिटेड**

**31.3.2014 को स्थिति विवरण**

| | विवरण | नोट संख्या | 31.3.2014 ₹ | 31.3.2013 ₹ |
|---|---|---|---|---|
| **I – समता तथा देयताएँ :** | | | | |
| 1. | **अंशधारी निधियाँ :** | | | |
| | (अ) अंश पूँजी | | 48,00,000 | 44,00,000 |
| | (ब) संचय एवं आधिक्य | 1 | 12,00,000 | 8,00,000 |
| 2. | **अचल देयताएँ :** | | | |
| | दीर्घकालीन ऋण | | 9,60,000 | 6,80,000 |
| 3. | **चालू देयताएँ :** | | | |
| | (अ) व्यापारिक देयताएँ | | 7,16,000 | 8,16,000 |
| | (ब) लघुकालीन प्रावधान | | 2,00,000 | 3,08,000 |
| | **कुल** | | 78,76,000 | 70,04,000 |
| **II – परिसम्पत्तियाँ :** | | | | |
| 1. | **अचल परिसम्पत्तियाँ :** | | | |
| | **(अ) स्थायी परिसम्पत्तियाँ :** | | | |
| | (i) मूर्त | 2 | 42,80,000 | 34,00,000 |
| | (ii) अमूर्त | 3 | 1,60,000 | 4,80,000 |
| 2. | **चालू परिसम्पत्तियाँ :** | | | |
| | (अ) चालू निवेश | | 9,60,000 | 4,48,000 |
| | (ब) स्टॉक (माल सूची) | | 5,16,000 | 4,84,000 |
| | (स) व्यापारिक प्राप्तियाँ | | 6,80,000 | 5,72,000 |
| | (द) रोकड़ तथा रोकड़ तुल्य | | 12,80,000 | 16,20,000 |
| | **कुल** | | 78,76,000 | 70,04,000 |

**खातों के नोट्स**

| नोट सं. | विवरण | 31.3.2014 को ₹ | 31.3.2013 को ₹ |
|---|---|---|---|
| 1. | **संचय एवं आधिक्य**<br>आधिक्य (लाभ-हानि विवरण का शेष) | 12,00,000 | 8,00,000 |
| 2. | **मूर्त परिसम्पत्तियाँ**<br>मशीनरी<br>घटा : एकत्रित मूल्यह्रास | <br>50,80,000<br>(8,00,000) | <br>40,00,000<br>(6,00,000) |
| 3. | **अमूर्त परिसम्पत्तियाँ**<br>ख्याति | 1,60,000 | 4,48,000 |

*अतिरिक्त सूचना :*

वर्ष में एक मशीनरी, जिसकी लागत ₹ 96,000 थी तथा जिस पर एकत्रित मूल्यह्रास ₹ 64,000 था, को ₹ 24,000 में बेच दिया गया ।

रोकड़ प्रवाह विवरण तैयार कीजिए । *6*

Following is the Balance Sheet of Wind Power Ltd. as at 31.3.2014 :

**Wind Power Ltd.**

**Balance Sheet as at 31.3.2014**

| | Particulars | Note No. | 2013 – 14 ₹ | 2012 – 13 ₹ |
|---|---|---|---|---|
| **I – Equity and Liabilities :** | | | | |
| 1. | **Shareholder's Funds :** | | | |
| | (a) Share Capital | | 48,00,000 | 44,00,000 |
| | (b) Reserves and Surplus | 1 | 12,00,000 | 8,00,000 |
| 2. | **Non-Current Liabilities :** | | | |
| | Long-Term Borrowings | | 9,60,000 | 6,80,000 |
| 3. | **Current Liabilities :** | | | |
| | (a) Trade Payables | | 7,16,000 | 8,16,000 |
| | (b) Short-Term Provisions | | 2,00,000 | 3,08,000 |
| | **Total** | | 78,76,000 | 70,04,000 |
| **II – Assets :** | | | | |
| 1. | **Non-Current Assets :** | | | |
| | **(a) Fixed Assets :** | | | |
| | (i) Tangible | 2 | 42,80,000 | 34,00,000 |
| | (ii) Intangible | 3 | 1,60,000 | 4,80,000 |
| 2. | **Current Assets :** | | | |
| | (a) Current Investments | | 9,60,000 | 4,48,000 |
| | (b) Inventories | | 5,16,000 | 4,84,000 |
| | (c) Trade Receivables | | 6,80,000 | 5,72,000 |
| | (d) Cash and Cash equivalents | | 12,80,000 | 16,20,000 |
| | **Total** | | 78,76,000 | 70,04,000 |

**Notes to Accounts**

| S.No. | Particulars | As on 31.3.2014 ₹ | As on 31.3.2013 ₹ |
|---|---|---|---|
| 1. | **Reserves and Surplus** Surplus (Balance in Statement of Profit and Loss) | 12,00,000 | 8,00,000 |
| 2. | **Tangible Assets** Machinery | 50,80,000 | 40,00,000 |
| | Less : Accumulated Depreciation | (8,00,000) | (6,00,000) |
| 3. | **Intangible Assets** Goodwill | 1,60,000 | 4,48,000 |

*Additional Information :*

During the year a piece of machinery costing ₹ 96,000 on which accumulated depreciation was ₹ 64,000 was sold for ₹ 24,000.

Prepare Cash Flow Statement.

## खण्ड ख
## (अभिकलित्र लेखांकन)
## PART B
## (Computerised Accounting)

**18.** डाटाबेस टेबल में प्रयुक्त की जाने वाले मद 'रिकॉर्ड' का अर्थ है : *1*

(i) प्रपत्रों का एक रिकॉर्ड ।

(ii) टेबल का उर्ध्वाधर स्तम्भ ।

(iii) टेबल का नाम ।

(iv) टेबल की क्षैतिज पंक्ति ।

The term 'record' as applied to database table means :

(i) A record of documents.

(ii) Vertical column of the table.

(iii) Name of the table.

(iv) Horizontal row of the table.

**19.** 'एस.क्यू.एल.' से अभिप्राय है : *1*

(i) आसान क्यू लाइन अप ।

(ii) नमूना प्रश्न लॉग ।

(iii) संरचनात्मक क्वैरी भाषा ।

(iv) तारा-सूची (स्टार लिस्टिड) प्रश्न ।

'SQL' stand for :

(i) Simple Queue Line up.

(ii) Sample Question Log.

(iii) Structured Query Language.

(iv) Star Listed Questions.

**20.** 'अभिकलित्र लेखांकन प्रणाली' के किन्हीं दो लाभों एवं दो सीमाओं का उल्लेख कीजिए । *4*

State any two advantages and two limitations of 'Computerised Accounting system'.

**21.** लेखांकन सॉफ्टवेयर की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए । *4*

State the features of accounting software.

**22.** टैली का उपयोग करते हुए 'बैंक समाधान विवरण' बनाने के चरणों का उल्लेख कीजिए । *4*

State the steps to construct a 'Bank Reconciliation Statement' using Tally.

**23.** उस टेबल का नाम दीजिए जो बड़ी राशि के डाटा के शीघ्रतम सारांश हेतु एक अन्योन्य-क्रियात्मक तरीका है । इसके किन्हीं पाँच लाभों का उल्लेख कीजिए । *6*

Name the table which is an interactive way to quickly summarize large amounts of data. State its any five advantages.